भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4986

31 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ग्रामीण महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण

4986. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में ग्रामीण महिलाओं को योग प्रशिक्षण प्रदान करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है और इसमें क्या प्रगति की गई है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): वर्तमान में, देश में ग्रामीण महिलाओं को विशिष्ट योग प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आयुष मंत्रालय के पास कोई विशेष प्रस्ताव नहीं है। हालाँकि, आयुष मंत्रालय अपने स्वायत्त निकायों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं सहित जनता को योग का प्रशिक्षण देता है।

तथापि, आयुष मंत्रालय अपने तीन स्वायत्त निकायों नामत: मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली; केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन), नई दिल्ली और राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे के माध्यम से देश में योग को बढ़ावा देता है। एमडीएनआईवाई योग शिक्षा के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सीसीआरवाईएन योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में अनुसंधान और विकास के लिए शीर्ष निकाय है। एनआईएन, जो प्राकृतिक चिकित्सा के लिए एक प्रमुख संस्थान है, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। एमडीएनआईवाई, सीसीआरवाईएन और एनआईएन की गतिविधियां और कार्यक्रम क्रमशः yogamdniy.nic.in, www.ccryn.gov.in और ninpune.ayush.gov.in वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।

इसके अलावा, मंत्रालय देश में योग सहित विभिन्न आयुष पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रहा है और उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्ताव भेजकर वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत, आयुष मंत्रालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से 12,500 आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस केन्द्रों (एचडब्ल्यूसी) के प्रचालन का कार्यान्वयन कर रहा है। इन आयुष एचडब्ल्यूसी में, योग्यता प्राप्त योग प्रशिक्षकों द्वारा लोगों को समुदाय-आधारित उपचार के रूप में सामान्य स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग सिखाया जा रहा है।

*****